TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

# 2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 18 जून

1. **हल्दीघाटी का युद्ध–** अकबर ने आम्बेर के राजा मान सिंह एवं आसफ खां के नेतृत्व में मुगल सेना को आक्रमण के लिए मेवाड़ भेजा था। 18 जून 1576ई. को मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप और अकबर के बीच इतिहास के प्रसिद्ध 'हल्दीघाटी का युद्ध' हुआ था, जिसमें अकबर की जीत हुई थी। इस युद्ध में 3,000 घुड़सवारों और 500 भील लोगों का साथ लेकर राणा प्रताप ने आमेर सरदार मानसिंह के 80,000 की सेना का सामना किया। इस युद्ध में भील सरदार राणा पूंजा का भी योगदान रहा। इस एक दिन के युद्ध में 17,000 लोग मारे गये। शत्रु से घिर चुके महाराणा प्रताप को झाला मानसिंह ने अपने प्राण देकर बचाया। महाराणा प्रताप ने खुद को जख्मी पाया और वे पहाड़ियों में भागने में सफल रहे।
   - **संदर्भः** वर्ग 7, इतिहास की पुस्तक **'अतीत से वर्तमान भाग–2'**, **अध्याय 4, 'मुगल साम्राज्य'** से जोड़कर चर्चा करें।
2. **विश्व सतत पाककला दिवस–** यह दिवस सतत पाक कला की भूमिका, कृषि विकास, भोजन सुरक्षा, पोषण, सतत भोज्य पदार्थ उत्पादन, जैव विविधता का संरक्षण आदि लक्ष्यों को रेखांकित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा 21 दिसम्बर, 2016 को पारित एक संकल्प के अनुसार इसे प्रतिवर्ष 18 जून को मनाया जाता है।
3. **अंतर्राष्ट्रीय पिकनिक दिवस–** दोस्तों और परिवार के समय अच्छा समय बिताने का पिकनिक एक अच्छा विकल्प है। पिकनिक हमें काम के तनाव से मुक्ति देता है, तथा तन–मन को स्फूर्ति और ताजगी प्रदान करता है। प्रतिवर्ष 18 जून को अंतर्राष्ट्रीय पिकनिक दिवस के रूप में मनाया जाता है।
4. **गोवा क्रान्ति दिवस–** प्रतिवर्ष 18 जून को गोवा क्रान्ति दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। क्योंकि इसी दिन वर्ष 1946 में राम मनोहर लोहिया ने लोगों को पुर्तगालियों के ख़िलाफ आवाज उठाने के लिये प्रेरित किया था। गोवा की मुक्ति के लिए एक लम्बा आंदोलन चला। अन्ततः 19 दिसम्बर 1961 को भारतीय सेना ने यहाँ आक्रमण कर इस क्षेत्र को पुर्तगाली आधिपत्य से मुक्त करवाया और गोवा को भारत में शामिल कर लिया गया।

"ईश्वर ने हमें जन्म दिया है ताकि हम संसार में अच्छे काम करें और बुराई को दूर करें। अच्छे कर्मों से ही आप ईश्वर को पा सकते हैं. अच्छे कर्म करने वालों की ही ईश्वर मदद करता है।"

–गुरु गोबिंद सिंह

T u e s d a y

मधु प्रिया

# हल्दीघाटी का युद्ध 18 जून



हल्दीघाटी का युद्ध इतिहास में महाराणा प्रताप और अकबर की सेना के बीच हुए युद्ध के लिए प्रसिद्ध है। यह राजस्थान में एकलिंगजी से 18 किलोमीटर की दूरी पर है। यह अरावली पर्वत शृंखला में खमनोर एवं बलीचा गांव के मध्य एक दर्रा है। यह राजसमन्द और पाली जिलों को जोड़ता है। यह उदयपुर से 40 किमी की दूरी पर है। इसका नाम 'हल्दीघाटी' इसलिये पड़ा क्योंकि यहाँ की मिट्टी हल्दी जैसी पीली है। इसे राती घाटी भी कहते हैं।हल्दीघाटी का युद्ध 18 जून 1576 ई. को खमनोर एवं बलीचा गांव के मध्य तंग पहाड़ी दर्रे से आरम्भ होकर खमनोर गांव के किनारे बनास नदी के सहारे मोलेला तक कुछ घंटों तक चला था। युद्ध में निर्णायक विजय किसी को भी हासिल नहीं हो सकी थी। इस युद्ध मे महाराणा प्रताप के सहयोगी राणा पूंजा का सहयोग रहा ।इसी युद्ध में महाराणा प्रताप के सहयोगी झाला मान, हाकिम खान,ग्वालियर नरेश राम शाह तंवर सहित देश भक्त कई सैनिक देशहित बलिदान हुए। उनका प्रसिद्ध घोड़ा चेतक भी मारा गया था। हल्दीघाटी का युद्ध में मेवाड़ के महाराणा प्रताप का समर्थन करने वाले घुड़सवारों और धनुर्धारियों और मुगल सम्राट अकबर की सेना के बीच लडा गया था। जिसका नेतृत्व आमेर के राजा मान सिंह प्रथम ने किया था। इस युद्ध में महाराणा प्रताप को मुख्य रूप से भील जनजाति का सहयोग मिला ।

# पुण्यतिथि विशेष 18 जून

राकेश कुमार




**मिलखा सिंह** *Milkha Singh*, जन्म- 20 नवंबर, 1929; मृत्यु- 18 जून, 2021) भारत के ऐसे प्रसिद्ध धावक थे जिन्हें लोग **फ्लाइंग सिक्ख** के नाम से जानते हैं। सन 1956 में मेलबर्न में आयोजित हुए ओलंपिक खेलों में उन्होंने पहली बार 200 मीटर और 400 मीटर की रेस में भाग लिया था। मिलखा सिंह ने 1958 में कटक में आयोजित नेशनल गेम्स में 200 मीटर और 400 मीटर स्पर्धा में रिकॉर्ड बनाए। इसके बाद उसी साल टोक्यो में आयोजित हुए एशियन गेम्स में उन्होंने 200 मीटर और 400 मीटर की दौड़ में भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

# Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 18.06.2024

## बॉडी मास इंडेक्स

बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) एक मेडिकल स्क्रीनिंग टूल है जो आपके शरीर में वसा की मात्रा का अनुमान लगाने के लिए आपकी ऊंचाई और आपके वजन के अनुपात को मापता है। स्वास्थ्य सेवा प्रदाता बीएमआई की गणना किलोग्राम (किलो) में वजन को मीटर (एम2) में ऊंचाई के वर्ग से विभाजित करके करते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



पश्चिम बंगाल के **दार्जिलिंग** में आज 9 बजे एक मालगाड़ी ने **कंचनजंगा एक्सप्रेस** को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रेन के 3 डिब्बे बुरी तरह **क्षतिग्रस्त** हो गए। अब तक **7 लोगों** के शव बरामद हुए हैं, जबकि **25 से 30 लोगों** के घायल होने की खबर है।

**TOB बूझो तो जानें..**



419

गहरे सागर जाना है, तब ही इसको पाना है, बहुत अधिक है इसका मोल, खोल पहेली जल्दी खोल
...... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

TEACHERS OF BIHAR — THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 419

# "मालगुडीडेज़" किसकी रचना है ?

A. ए. पी. जे.अब्दुल कलाम

B. शंकर दयाल शर्मा

C. आर. के. नारायण

D. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन



# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## खेल सामान्य ज्ञान

| | |
|---|---|
| भारत में खेला गया पहला हॉकी टूर्नामेंट कौन-सा था? | बेटन कप , कोलकाता (वर्ष 1895) |
| अखिल भारतीय हॉकी फेडरेशन की स्थापना किस वर्ष में हुई थी? | वर्ष 1925 में |
| भारतीय हॉकी टीम सर्वप्रथम कब कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच खेली? | इंडियन आर्मी टीम (वर्ष 1926) |
| भारत ने अब तक ओलम्पिक में हॉकी स्पर्धा में कुल कितने पदक प्राप्त किये है? | 8 स्वर्ण + 1 रजत + 2 कांस्य = 11 कुल पदक |
| ओलम्पिक हॉकी में भारत का सबसे लम्बा अविजित रिकॉर्ड क्या है? | 1928 से 1960 तक 30 मैचो में अविजित |
| किसी एक ओलम्पिक हॉकी मैच में सर्वाधिक गोल करने वाले भारतीय | रूप सिंह , 11 गोल , अमेरिका के विरुद्ध , 1932 में |
| अब तक ओलम्पिक में भारत कितने स्वर्ण पदक जीत चूका है? | 9 |



# मिल्खा सिंह

जन्म- 20 नवंबर 1929
मृत्यु- 18 जून 2021



www.teachersofbihar.org

Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



नारी शक्ति, अदम्य साहस,
अपरिमित त्याग की
प्रतिमूर्ति वीरांगना

## रानी लक्ष्मीबाई

की पुण्यतिथि पर
शत्-शत् नमन।

जन्म: 19 नवम्बर 1828 - मृत्यु: 18 जून 1858

Madhu priya

www.teachersofbihar.org

**पुण्यतिथि विशेष**

**18 जून 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

अगर इंसान के अंदर हार्डवर्क और 'डिसप्लिन् है तो वह जमीन से उठकर आसमान को छू सकता है।

**मिलखा सिंह**

**( प्रसिद्ध धावक )**

**जन्म: 20 नवंबर 1929 मृत्यु: 18 जून 2021**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org